दिन– बुधवार दिनांक– 26 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव आज। एनडीए ने भाजपा के वरिष्ठ सांसद ओम बिड़ला और इंडी गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया।

02. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पहली बार संभालेंगे संवैधानिक पद।

03. राज्य सरकार ने अनियमितता के मामले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाओं को रद्द किया।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– मॉनसून के प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से........**

---

अठारहवीं लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिड़ला इस पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीदवार हैं। विपक्षी इंडी गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को इस पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने कल नामांकन भरा। सरकार और विपक्षी दल लंबे समय की बातचीत के बावजूद इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष को सर्वसम्मति से और निर्विरोध चुना जाना चाहिए।

–––बाईट–––

कांग्रेस पार्टी ने अगर स्पीकर पद को चुनौती देने के लिए नामांकन पत्र भराया है, तो ये अफसोस की बात है, क्योंकि आज तक स्पीकर पद को लेकर चुनाव नहीं हुआ है। जब बात किया कांग्रेस के नेता आए थे माननीय राजनाथ सिंह, माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी और एनडीए के सारे लीडर्स, हम लोग सब थे, वहां कांग्रेस के नेता ने कंडीशन लगाया कि आप डिप्टी–स्पीकर पोस्ट दें। तब हम स्पीकर को समर्थन करेंगे, तो ये आदान–प्रदान करके ये पद ये पार्टी ले लो। वो पद ये पार्टी ले लो। ऐसा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को नहीं कर सकते।

इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद से बाहर मीडिया से कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए उम्मीदवार को समर्थन देने को तैयार है, बशर्ते उपाध्यक्ष पद विपक्ष को दिया जाए।

———बाईट———

ऑपोजिशन ने क्लीयरली कहा है राजनाथ सिंह जी का खरगे जी को फोन आया। राजनाथ सिंह जी ने खरगे जी से कहा देखिए आप हमारे स्पीकर को सर्पोट कीजिए। पूरे ऑपोजिशन ने कहा है कि हम स्पीकर को सर्पोट करेंगे, मगर कन्वेंशन यह है कि डेप्यूटी स्पीकर ऑपोजिशन को मिलना चाहिए।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष को सूचित किया गया है कि उपाध्यक्ष के मुद्दे को उसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा।

———————————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से जीत के लिए रणनीति तैयार की गयी है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। श्री गांधी पहली बार संवैधानिक पद सभालेंगे। पार्टी महासचिव  के.सी. वेणुगोपाल ने कल शाम नई दिल्ली में मीडिया को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को पत्र लिखकर सूचित किया है कि राहुल गांधी सदन में विपक्ष के नेता होंगे। वर्ष दो हजार चौदह में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद पिछले दस सालों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। किसी भी विपक्षी दल के पास इसके लिए आवश्यक न्यूनतम दस प्रतिशत सदस्य नहीं थे।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा में नवनिर्वाचित सांसदों की शपथ लेने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दो दिनों तक चला शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ था। श्री मोदी लोकसभा में सदन के नेता हैं। पहले दिन कुल दो सौ छियासठ सांसदों ने शपथ ली और बाकी सांसदों ने कल शपथ ली। पांच सांसदों का शपथ ग्रहण नहीं हो सका। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा न केवल देश की विविधता के प्रतिनिधित्व के लिए बल्कि महिलाओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति के लिए भी उल्लेखनीय है। विभिन्न व्यवसायों, क्षेत्रों और पृष्ठभूमियों से चौहत्तर महिला प्रतिनिधियों के साथ, अठारहवीं लोकसभा एक लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र की भावना का प्रतिबिंब है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

18वीं लोकसभा में 74 महिलाएं निर्वाचित होकर आई हैं, जोकि कानून बनाने में अपना अहम योगदान देंगी। सबसे बड़े दल बीजेपी में 30 महिला सांसद हैं, जबकि कांग्रेस में महिला सांसदों की संख्या 14 हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस में 11 महिला सांसद हैं, समाजवादी पार्टी में चार, डीएमके में तीन, और जेडीयू और एलजेपी (आर) दोनों में दो–दो महिला सांसद हैं। जो महिलाएं 18वीं लोकसभा का हिस्सा हैं, वे अभिनय, कानून, व्यवसाय, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, कृषि और शिक्षा सहित विविध पेशेवर पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में काम कर चुकी ये महिला सांसद संसदीय बहस को समृद्ध बनाने और बेहतर भारत के लिए प्रगतिशील नीति निर्माण में योगदान देंगी। दुर्गेश के साथ, सुपर्णा सैकिया, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाओं को रद्द कर दिया है। ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था के लिए इन निविदाओं का प्रकाशन हुआ था। विभागीय मंत्री नीरज कुमार बब्लू ने बताया कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान जारी हुई इन निविदाओं की जांच में अनियमितता पाये जाने के बाद यह फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान जारी अन्य निविदाओं की भी जांच चल रही है। श्री बब्लू ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरतने के दोषी लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि इस वर्ष फरवरी महीने में एनडीए सरकार के गठन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद कोटे के दो मंत्री ललित यादव तथा रामानांद यादव के प्रभार वाले विभागों द्वारा लिये गये फैसलों की समीक्षा का सरकार ने आदेश दिया था।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरोपियों को रिमांड पर लेने और पेशी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में जांच एजेंसी की ओर से दर्ज एफआईआर की कॉपी पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में जमा कराई गई। सीबीआई आज आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए अदालत में आवेदन दे सकती है। गौरतलब है कि इस मामले में सीबीआई की दिल्ली शाखा में दर्ज एफआईआर में सिकंदर यादवेंदु समेत आठ लोगों को नामजद आरोपी

बनाया गया है। इसके अलावा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून धीरे–धीरे सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि एक टर्फ रेखा राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्से से होकर गुजर रही है, जिसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। भागलपुर और मुंगेर जिले में दो–दो तथा जमुई, पूर्वी चंपारण तथा पश्चिम चंपारण जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट शराब सेवन का निर्णायक सबूत नहीं माना जा सकता है। न्यायाधीश विवेक चौधरी की एकल पीठ ने एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। सुपौल अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के एक लिपिक को ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में बर्खास्त किया गया था। बर्खास्त लिपिक ने इसे पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

————————————————————————

पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना, सीजीएचएस कार्ड धारकों का कैशलेस इलाज होगा। इस संबंध में एम्स और सीजीएचएस के बीच कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। सीजीएचएस पटना के अतिरिक्त निदेशक ठाकुर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि एम्स के साथ इस साझेदारी से योजना के लाभार्थियों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

————————————————————————

प्रदेश के पांच नए रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र खोले जायेंगे। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, छपरा और भागलपुर स्टेशन पर जन औषधि केन्द्र खोलने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि इस साल बारह मार्च के बाद रेलवे की ओर से खोले गए पचास जन औषधि केन्द्र सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं।

—————————————————————————

सारण जिले के भगवान बाजार थाना में पदस्थापित एक सब इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बताया कि निलंबित सभी पुलिसकर्मियों का बालू माफिया से सांठगांठ संबंधित वायरल हुए ऑडियो क्लिप के सही पाये जाने पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि इन सभी पर विभागीय कार्रवाई भी चलेगी।

—————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने ऑनलाइन शॉपिंग और कस्टमर केयर के नाम पर ठगी करने वाले अट्ठावन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज से सबसे अधिक अठारह अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। वहीं नवादा से पंद्रह, पटना से तेरह, सारण से छह और नालंदा तथा शेखपुरा से तीन–तीन अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इधर, कटिहार साइबर पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों अपराधियों के पाकिस्तान से संपर्क के सबूत मिले हैं।

—————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस है। यह दिन मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध जागरूकता के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि हमें अपने आने वाली पीढ़ियों को नशे की लत से सुरक्षित करने के लिए संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश लगा कर ही हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इधर, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र द्वारा इस अवसर पर नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

—————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – स्पीकर पद पर रार। आज होगा चुनाव।

**प्रभात खबर** ने नीट यूजी पेपर लीक से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुए लिखा है– सीबीआई ने दर्ज की नई प्राथमिकी, तीन जगहों से जुटाई जानकारी।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– आठ जुलाई को ईओयू के अधिकारी साक्ष्य और जांच रिपोर्ट के साथ जायेंगे सुप्रीम कोर्ट।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– रद्द परीक्षाओं का शिड्यूल दस दिन में किया जाएगा जारी।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– सीडीएससीओ की गुणवत्ता जांच में बावन दवाओं के नमूने हुए विफल। पैरासीटामोल, पेंटाप्राजोल और कुछ एन्टीबायोटिक मानक के अनुरूप नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव आज। एनडीए ने भाजपा के वरिष्ठ सांसद ओम बिड़ला और इंडी गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया।

02. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पहली बार संभालेंगे संवैधानिक पद।

03. राज्य सरकार ने अनियमितता के मामले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाओं को रद्द किया।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– मॉनसून के प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।